| अंकेक्षण / अतिमहत्वपूर्ण<br>ई–मेल |
|---|

पत्रांक–7प / विविध–05–06 / 2021 / 6480 / पं०रा०

बिहार सरकार
पंचायती राज विभाग

**प्रेषक,**

**सुनील कुमार जायसवाल,**
जिला अंकेक्षण अधिकारी।

**सेवा में,**

**सभी उप विकास आयुक्त–सह–**
**मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,**
जिला परिषद् बिहार।
**सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी**
बिहार।

पटना, दिनांक 22 / 5 / 2025

विषय :– **त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं का ऑडिट ऑनलाईन उपरांत ATR (Action Taken Report) Module को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने हेतु V.C के माध्यम से बैठक के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि निदेशानुसार त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं का ऑडिट ऑनलाईन उपरांत उठायी गयी आपत्ति कंडिकाओं के निष्पादन हेतु पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ATR (Action Taken Report) Module विकसित किया गया है जिसे 31.03.2025 तक पूर्ण कर लिया जाना था। इस संबंध में कृत कार्रवाई हेतु अद्यतन विभागीय पत्रांक–5864 दिनांक–07.05.2025 के द्वारा दिनांक–10.05.2025 से 21.05.2025 तक ऑडिट ऑनलाईन पोर्टल पर लॉगिन कर ATR Module का क्रियान्वयन हेतु समय सीमा निर्धारित किया गया था।

ATR Module का क्रियान्वयन हेतु विभाग द्वारा V.C के माध्यम से निम्नलिखित रूप से बैठक आहूत की गई है।

| **V.C for ATR From 23.05-2025 to 24-05-2025** | | |
|---|---|---|
| **Friday ( 23/05/2025)** | Tirhuth,Bhagalpur,Munger (11:00AM to 12:30 PM ) | NA |
| **Saturday ( 24/05/2025)** | Saran, Darbhanga,Purnia (11:00AM to 12:00 PM ) | Magadh,Patna,Kosi (12:00PM to 01:00 PM ) |

कृ०पृ०उ०

उक्त बैठक में संबंधित प्रमंडल के सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, अंकेक्षक/वरीय अंकेक्षक (संविदा) एवं अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्–सह–अपर जिला पंचायत राज पदाधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेगें।

अतः अनुरोध है कि ATR Module से संबंधित V.C के माध्यम से उक्त बैठक में भाग लेने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को अपने स्तर से निदेशित किया जाये।

उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्/जिला पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा ATR Module का क्रियान्वयन हेतु अपने स्तर से सतत अनुश्रवण किया जाय। साथ ही ATR Module का क्रियान्वयन उपरांत ATR uploading का Status स्क्रीन शॉट के साथ संलग्न गूगल शीट/फॉर्म में सतत रूप से भरना सुनिश्चित करायें। उक्त के संबंध में उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद द्वारा हस्ताक्षरित प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध करायी जाय।

विश्वासभाजन
(हस्ताक्षर) 22/5
(सुनील कुमार जायसवाल)
जिला अंकेक्षण अधिकारी

**ज्ञापांक–7प/विविध–05–06/2021/** 6480 **/पं०रा० पटना, दिनांक** 22/5/**2025**
**प्रतिलिपिः**–सभी जिला पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

विश्वासभाजन
(हस्ताक्षर) 22/5
(सुनील कुमार जायसवाल)
जिला अंकेक्षण अधिकारी

**ज्ञापांक–7प/विविध–05–06/2021/** 6480 **/पं०रा० पटना, दिनांक** 22/5/**2025**
**प्रतिलिपिः**–आई० टी० मैनेजर पंचायती राज विभाग बिहार, पटना को NIC बिहार, पटना से उक्त तिथि एवं समय के लिए स्लॉट बुक करने एवं V.C में आवश्यक सहयोग के लिए सूचनार्थ एवं कार्रवाई हेतु प्रेषित

विश्वासभाजन
(हस्ताक्षर) 22/5
(सुनील कुमार जायसवाल)
जिला अंकेक्षण अधिकारी